आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 194 | उज्जैन, गुरुवार 05 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन में मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### चित्रकूट में रामलोक के निर्माण के साथ कामतानाथ परिक्रमा पथ का होगा विकास



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा जिले के मनगवां में महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। रीवा की धरती में बहनों का अभिनंदन करते हुए गर्व हो रहा है। बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 49.97 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजनकिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। रीवा जिले के हर खेत में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा मिलेगी। हम किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन देंगे। अगले 3 सालों में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देकर बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएंगे। किसान सोलर से प्राप्त बिजली का उपयोग करेंगे और अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीद कर किसानों को पैसा देगी। मुख्यमंत्री ने जनपद पंचायत गंगेव के भवन निर्माण तथा हिनौती गौधाम में बांध निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनगवां में स्टेडियम निर्माण तथा देवास हाईस्कूल के हायर सेकेंडरी स्कूल का उन्नयन करने की भी घोषणा की।

## भारत में 4300 के पार पहुंचे कोरोना के मामले, 24 घंटे में देशभर में आए 276 केस




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कोरोना के एक्टिव केस में रोज नया उछाल देखने को मिल रहा है। बीते दिन कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 4000 तक पहुंच गई थी, वहीं अब इसने 4,300 का आंकड़ा भी पार कर लिया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा साझा किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार आज (04 जून) की सुबह 8 बजे तक देश में कोरोना के कुल 4302 एक्टिव केस दर्ज किए जा चुके हैं।

किन राज्यों में मिले कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस- पिछले 24 घंटों में कोरोना के एक्टिव मामलों में 276 की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। इनमें सबसे ज्यादा 64-64 केस दिल्ली और गुजरात से मिले हैं। वहीं तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश से 63 और चौथे नंबर पर पश्चिम बंगाल से कोविड के 60 एक्टिव केस मिले हैं।

एक्टिव केस वाले टॉप 5 राज्य - कोरोना के कुल एक्टिव केसों की बात करें तो इसमें अभी भी केरल 1373 एक्टिव केस के साथ पहले स्थान पर है। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां कोविड के 510 एक्टिव केस दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 461, दिल्ली में 457 और पश्चिम बंगा4ल में 432 कोरोना के एक्टिव केस हैं।

## 1 मार्च 2027 से शुरू होगी जनगणना, जातिगत आंकड़े भी होंगे शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में 17 साल बाद फिर राष्ट्रीय जनगणना होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जनगणना 1 मार्च 2027 से शुरू होगी। जनगणना, जाति जनगणना के साथ ही की जाएगी।

राष्ट्रीय जनगणना दो चरणों में की जाएगी। उत्तर के पहाड़ी क्षेत्रों में सबसे पहले। सूत्रों ने बताया कि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में जनगणना 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी।

2021 में होने वाली जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण विलंबित हो गई। जनगणना 2027 को भारत सरकार द्वारा किए जाने वाले सबसे व्यापक डेटा-एक्ट्रीकरण अभ्यासों में से एक माना जाता है।

पिछली जनगणना 2011 में हुई थी - भारत की जनगणना जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम, 1990 के प्रावधानों के तहत की जाती है। भारत की पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में आयोजित की गई थी।

## दिल्ली में मौसम विभाग का यलो अलर्ट, यूपी-बिहार में भी बरसेंगे बादल; नॉर्थईस्ट में कब मिलेगी राहत?



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर में मौसम तेजी से करवट ले रहा है। कई राज्यों में मानसून दस्तक दे चुका है, वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ से हाहाकार मचा है। मणिपुर, असम, सिक्किम,अरुणाचल प्रदेश, इंफाल घाटी और आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यसत हो गया है।

वहीं मौसम विभाग के मुताबिक, अभी दो दिन तक इन राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट है।

पूर्वोत्तर राज्यों में कब तक होगी बारिश- मणिपुर के इंफाल घाटी और इसके आसपास के क्षेत्रों में मूसलधार बारिश और बाढ़ से बुरा हाल है। ऐसे में वहां फंसे हुए पर्यटकों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू टीम जुटी हुई है। पूर्वोत्तर राज्यों को बारिश से फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। यहां अगले दो दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, देश के दूसरे हिस्सों में भी मॉनसून धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है।

अब बात करते हैं देश की राजधानी दिल्ली की, मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में आज हल्की से तेज बारिश की संभावना है। बारिश को लेकर दिल्ली में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस दौरान 40-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा और आंधी चल सकती है। बताया जा रहा है ऐसा मौसम 6 जून तक रहेगा, 6 जून के बाद दिल्ली के तापमान में बढ़ोतरी होगी और एक बार फिर लोगों को गर्मी का प्रकोप झेलने पड़ सकता है।

## ईरान में किडनैप हुए तीनों भारतीय सुरक्षित बचाए गए, तेहरान पुलिस ने किया रेस्क्यू



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले महीने ईरान में 3 भारतीय नागरिक अचानक लापता हो गए थे। लगभग 1 महीने की छानबीन के बाद उन्हें बचा लिया गया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी है।

ईरान में लापता हुए तीनों भारतीय नागरिक पंजाब से ताल्लुक रखते हैं। ईरान पहुंचते ही तेहरान में उन्हें किडनैप कर लिया गया था। मगर, तेहरान पुलिस ने तीनों को सुरक्षित बचा लिया है।

परिवार से मांगी फिरौती- तीनों भारतीयों की पहचान हुसनप्रीत सिंह, जसपाल सिंह और अमृतपाल सिंह के रूप में हुई है। ईरान के तेहरान में तीनों को किडनैप कर लिया गया था। इसके बाद परिवार से फिरौती की भी मांग की गई। किडनैपिंग की खबर मिलते ही परिवार ने इसकी जानकारी सरकार को दी थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तीनों युवक पंजाब के संगरूर, नवांशहर और होशियारपुर के रहने वाले हैं। तीनों अवैध ट्रैवल एजेंट के झांसे में आ गए। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में वर्क परमिट का झांसा देकर डंकी रूट से ईरान बुलाया गया, जहां तीनों को अगुवा कर लिया गया।

ईरानी दूतावास ने दी चेतावनी- मामले की जानकारी मिलने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ईरान सरकार के साथ मिलकर तीनों को ढूंढने का आश्वसन दिया था। वहीं, ईरानी दूतावास ने सभी भारतीयों को अवैध ट्रैवल एजेंट्स के झांसे में न आने की सलाह दी है।

## इस दिन अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु



नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरिक्षयात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम स्पेस के मिशन एक्सिओम-4 को स्थगित कर दिया गया है। शुभांशु और उनके तीन सहयोगी अंतरिक्षयात्री अब 10 जून को आइएसएस के लिए उड़ान भरेंगे। यह घोषणा एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्षयात्रियों के साथ आनलाइन संवाददाता सम्मेलन के दौरान की गई।

अंतरिक्षयात्री आइएसएस की यात्रा से पहले इस समय क्वारंटाइन या पृथक-वास में हैं। मिशन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक्सिओम-4 के चालक दल के साथ संवाद कर सकते हैं।

## आतंकवाद पर खर्च होंगे करोड़ों डॉलर, पाकिस्तान को एडीबी की मदद का भारत ने किया कड़ा विरोध



नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की तरफ से पाकिस्तान को दी जाने वाली 80 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता का भारत ने पुरजोर विरोध किया है।

एडीबी ने पाकिस्तान को अपनी राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और वित्तीय प्रबंधन में सुधार करने के उद्देश्य से वित्तीय पैकेज की मंजूरी दी है, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के आतंकी रवैये का हवाला देते हुए वित्तीय पैकेज के गलत इस्तेमाल को लेकर एडीबी को आगाह किया है।

भारत क्यों कर रहा वित्तीय मदद का विरोध- वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक, भारत ने एडीबी से कहा है कि वित्त वर्ष 2018 से लेकर वित्त वर्ष 2023 के बीच पाकिस्तान का कर संग्रह जीडीपी के 13 प्रतिशत से घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया, लेकिन इस अवधि में पाकिस्तान के रक्षा खर्च में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

भारत ने एडीबी प्रबंधन से पाकिस्तान को मिलने वाली वित्तीय मदद के गलत इस्तेमाल पर नजर रखने के लिए भी कहा है।

क्या है पाकिस्तान का रिकॉर्ड- पाकिस्तान का पुराना रिकॉर्ड इस बात को दर्शाता है कि वहां के आर्थिक मामलों में सेना का पूरा हस्तक्षेप रहा है, जिससे सुधार नीति पर अमल की संभावना नहीं दिखती है।

भारत ने कहा कि पाकिस्तान की वर्तमान शासन प्रणाली सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देती है, जो क्षेत्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरनाक होने के साथ पाकिस्तान के अर्थव्यवस्था के लिए भी जोखिम भरा है।

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद को वित्तीय मदद देने और वहां के आतंकवादी संगठनों के खाते और उनकी संपत्ति को जब्त करने संबंधी कार्रवाई पर भी असंतोष जाहिर किया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की तरफ से इस प्रकार की कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। भारत ने यह भी कहा है कि कमजोर अर्थव्यवस्था वाले पाकिस्तान को कर्ज देना जोखिम भरा है।

पाकिस्तान लगातार विदेशी कर्ज के सहारे अपनी अर्थव्यवस्था चला रहा है, जिससे भविष्य में उसकी वित्तीय क्षमता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# आसिम मुनीर ने मेरी बीवी को भेजा जेल, आईएसआई चीफ के पद से हटाया तो...





नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इमरान खान ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की प्रतिशोधी स्वभाव के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्हें इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक के पद से हटा दिया गया।

इसके बाद वो उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ हो गए। इमरान खान ने कहा, जब मैंने जनरल असीम मुनीर को डीजी आईएसआई के पद से हटाया, तो उन्होंने मामले पर चर्चा करने के लिए मध्यस्थों के माध्यम से मेरी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क करने की कोशिश की।

बुशरा बीबी का कोई लेना देना नहीं है- हालांकि बुशरा बीबी ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया, उन्होंने कहा कि उनका ऐसे मामलों से कोई लेना-देना नहीं है और वे उनसे नहीं मिलेंगी। इमरान खान ने आगे कहा, बुशरा बीबी की 14 महीने की अन्यायपूर्ण कैद और जेल में निंदनीय अमानवीय व्यवहार के पीछे जनरल आसीम मुनीर का प्रतिशोधी स्वभाव है।

जनरल मुनीर पर और अधिक हमला करते हुए खान ने कहा, जिस तरह से मेरी पत्नी को व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए निशाना बनाया गया है वह अभूतपूर्व है।

मैं अपनी पत्नी से चार हफ्तों से नहीं मिला- इमरान खान ने आगे ये भी कहा, बुशरा बीबी पर सहायता करने और उकसाने का आरोप लगाया गया, एक ऐसा आरोप जिसके लिए कभी कोई सबूत पेश नहीं किया गया, और उन्हें एक के बाद एक झूठे मामलों में गिरफ्तार किया जाता रहा है। वह एक निजी नागरिक हैं, एक गृहिणी हैं जिनका कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। मुझे पिछले चार हफ्तों में उनसे मिलने की भी अनुमति नहीं दी गई है।

इमरान खान ने कहा कि 9 मई, 2023 की घटनाएं, जिसमें सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, लंदन योजना का एक हिस्सा थीं। इसका उद्देश्य पाकिस्तान की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को खत्म करना था।

नेताओं को गैरकानूनी तरीके से किया गिरफ्तार- इस पूर्व नियोजित योजना के तहत, मुझे और मेरी पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया। हमारे लोकतांत्रिक जनादेश को बेशर्मी से चुराया गया और भ्रष्ट व्यक्तियों - शरीफ और जरदारी को देश पर थोपा गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में सोफिया कुरैशी ही..., UN में बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो संयुक्त राष्ट्र मीडिया वार्ता में एक पत्रकार के सवाल से हैरान रह गए। दरअसल पाकिस्तानी नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के झूठ को एक पत्रकार ने मौके पर ही पकड़ लिया। पाकिस्तानी नेता ने आरोप लगाया कि पहलगाम आतंकी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक साजिश के रूप में किया जा रहा है।%

बिलावल भुट्टो ने कहा है,

आतंकी हमले को भारत सरकार राजनीतिक रूप से इस्तेमाल कर रही है।इस पर एक पत्रकार अहमद फथी ने कहा, आप कह रहे हैं मुसलमानों को बदनाम करने के ये सब किया जा रहा है, लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग्स में खुद मुस्लिम भारतीय सैन्य



अधिकारी शामिल थे।

सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर पर ब्रीफिंग की और आप - पत्रकार ने कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में ये बात कही है। भुट्टो के पास इसका कोई जवाब नहीं था और वे भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने लगे। पत्रकार ने आगे कहा, कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर पर पूरी ब्रीफिंग की और देश के लिए प्रेरणा बनकर उभरीं।

कश्मीर मुद्दे पर ह से नहीं मिली कोई मदद - भुट्टो ने जवाब दिया, ठीक है, जहां तक ऑपरेशन का सवाल है, आप बिल्कुल सही हैं। इस पर अहमद फती ने जवाब दिया, ठीक है। इससे पहले कि वह अगला सवाल पूछ पाते, भुट्टो ने बीच में टोक दिया और कुछ देर तक भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाते रहे। लेकिन पत्रकार ने अपनी बात कह दी थी।

संयुक्त राष्ट्र प्रेस वार्ता के दौरान बिलावल भुट्टो ने यह भी माना कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दे को उठाने के इस्लामाबाद के प्रयासों को बाधाओं का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, जहां तक संयुक्त राष्ट्र के अंदर और सामान्य तौर पर कश्मीर मुद्दे का सवाल है, हमें जिन बाधाओं का सामना करना पड़ता है, वे अभी भी मौजूद हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह पिटने के बाद रूस पहुंचा पाकिस्तान



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों बुरी तरह पिटने के बाद अब पाकिस्तान प्रतिनिधिमंडल रूस पहुंचा है। मंगलवार को मॉस्को में पाकिस्तान के एक प्रतिनिधिमंडल ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का एक पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने पुतिन को सौंपा शहबाज शरीफ का पत्र- प्रधानमंत्री के विशेष सहायक सैयद तारिक फातमी ने भी लावरोव को दक्षिण एशिया में हाल के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी।

कुछ दिन पहले रूस में भारत ने पाकिस्तान को खूब लताड़ा था- उनकी यात्रा द्रमुक सांसद कनिमोरी करुणानिधि के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के बेहद सफल दौरे के कुछ दिनों बाद हुई, जिन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के बारे में जागरूकता फैलाई और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो-टालरेंस नीति के लिए ठोस रूसी समर्थन हासिल किया।

रूसी विदेश मंत्रालय के हवाले से समाचार एजेंसी ने बताया कि लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास बनाने के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच सीधी बातचीत की जरूरत है।

## यूक्रेन को एक लाख ड्रोन देगा ब्रिटेन, रूस के साथ लड़ाई होगी और भी घातक



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले कई सालों से जारी रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रोज कुछ न कुछ ऐसा होता है जिससे युद्ध का संकट और भी गहरा जाता है। रॉयटर के मुताबिक, ब्रिटेन ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के अंत तक अप्रैल 2026 तक यूक्रेन को 100,000 ड्रोन देने का वादा किया है और काफी बड़ी संख्या है। इससे पता चलता है कि मानव रहित हवाई वाहनों ने युद्ध लड़ने के तरीके को बदल दिया है।

ब्रिटेन सरकार ने यूक्रेन की मदद को लेकर की मीटिंग- ब्रिटेन सरकार ने सोमवार को एक स्वतंत्र रूप से निर्मित रणनीतिक रक्षा समीक्षा का समर्थन किया, जिसमें संभावित रूसी आक्रमण सहित उभरते खतरों का मुकाबला करने के लिए अधिक घातक, तकनीक-संचालित सेना की मांग की गई है।

यूक्रेन के कट्टर पश्चिमी समर्थकों में से एक ब्रिटेन, रूसी आक्रमण के खिलाफ कीव की तीन साल से अधिक की लड़ाई जारी रहने के दौरान लगातार मदद करता रहा है। वहीं, ड्रोन ने युद्ध के मैदान को पूरी तरह से बदल दिया है।

## स्टील, एल्युमिनियम पर आज से लागू होगा 50 फीसदी टैरिफ, ट्रंप ने किया था एलान; भारत पर भी होगा असर

नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त राज्य अमेरिका बुधवार से आयातित स्टील और एल्युमीनियम पर अपने टैरिफ को दोगुना कर देगा। व्हाइट हाउस के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित एक आदेश जारी करते हुए कहा कि यह कदम ट्रंप के व्यापार कदमों में नवीनतम पहल है, जिसमें दोनों धातुओं पर शुल्क 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक लाया गया है।




हालांकि ब्रिटेन से धातु आयात पर टैरिफ 25 प्रतिशत की दर पर रहेगा, क्योंकि दोनों पक्ष अपने पहले के व्यापार समझौते की शर्तों के अनुरूप शुल्क और कोटा तय करते हैं।

आदेश में कही गई है ये बात- आदेश में कहा गया है कि पहले लगाए गए टैरिफ को बढ़ाने से इन उद्योगों को अधिक समर्थन मिलेगा और स्टील और एल्युमीनियम वस्तुओं और उनके व्युत्पन्न वस्तुओं के आयात से उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे को कम या समाप्त किया जा सकेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कही थी ये बात - राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले सप्ताह पेंसिल्वेनिया में यूएस स्टील प्लांट में कामगारों को संबोधित करते हुए स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ बढ़ाने के अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने उस समय कहा था कि कोई भी आपके उद्योग को चुराने में सक्षम नहीं होगा।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 मई, 2025 को अमेरिका ट्रेड एक्सपैंसन एक्ट, 1962 की धारा 232 के तहत स्टील और एल्युमिनियम पर आयात शुल्क को मौजूदा 25 फीसद से बढ़ाकर 50 फीसद कर दिया है।

ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान (वर्ष 2018) स्टील पर आयात शुल्क 25 फीसद और एल्युमिनियम पर 10 फीसद कर दिया था।

# यह बेहद घिनौना, मैं नहीं कर सकता बर्दाश्त, ट्रंप के इस बिल पर फिर बरसे एलन मस्क

नई दिल्ली (एजेंसी)। अरबपति एलन मस्क ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षरित बजट विधेयक को लेकर फिर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर इस बिल को बेहद घिनौना करार दिया।



वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर एलन मस्क का बड़ा हमला- बता दें कि मंगलवार को, ट्रंप प्रशासन में अपना पद छोड़ने के कुछ ही दिनों बाद, एलन मस्क ने वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से जाने जाने वाले कानून के खिलाफ़ एक और व्यापक हमला किया।

जमकर बरसे एलन मस्क- मस्क ने लिखा कि मुझे खेद है, मैं अब इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। यह विशाल, अपमानजनक है और कांग्रेस का यह बिल बेहद घृणित है। उन लोगों पर शर्म आती है जिन्होंने इसके लिए वोट दिया आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं।

ट्रंप के इस बिल का एलन मस्क लगातार विरोध करते आ रहे हैं - डोनाल्ड ट्रंप के इस बिल का एलन मस्क लगातार विरोध करते आ रहे हैं। मस्क के अनुसार इस बिल से बजट घाटा कम होने की जगह बढ़ जाएगा जिससे डीओजीई की कोशिशें बेकार हो जाएंगी। वन बिग ब्यूटीफुल बिल में टैक्स कट को 10 साल के लिए बढ़ाने और बॉर्डर सिक्योरिटी खर्च को बढ़ाने का प्रस्ताव है।

# पाकिस्तान में लोकतंत्र है या जनरल का शासन, ब्रिटिश सांसद ने आतंकिस्तान को खूब सुनाई खरी-खोटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान को विफल देश बताते हुए ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने मंगलवार को पाकिस्तान के शासन में सेना के दखल का जिक्र करते हुए तंज किया कि वहां लोकतंत्र है या जनरल का शासन।



जम्मू-कश्मीर के अवैध कब्जे के लिए पाकिस्तान की तीखी आलोचना की- लंदन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद ब्रिटिश सांसद ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में भारत को समर्थन देने की अपील की। साथ ही भारत के संप्रभु क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देने और जम्मू-कश्मीर के अवैध कब्जे के लिए पाकिस्तान की तीखी आलोचना की।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे का अंत होना चाहिए- उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का अंत होना चाहिए। जम्मू-कश्मीर को एक राज्य के रूप में एकीकृत किया जाना चाहिए जैसा 1947 में निर्धारित किया गया था। तभी हम आतंकवाद के उन्मूलन की दिशा में बढ़ सकते हैं।

ब्लैकमैन ने पाकिस्तान द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहायता के दुरुपयोग पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की और सवाल किया कि क्या विकास के लिए निर्धारित धन का उपयोग भारत के विरुद्ध आतंकवाद के लिए चीनी हथियार खरीदने में किया जा रहा है।

# क्या नेहरू सरकार ने नियम तोड़कर बनाया था सीजेआई, बीआर गवई ने क्यों किया 61 साल पुराने किस्से का जिक्र?



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में न्यायाधीशों की नियुक्ति करने के लिए बने कॉलेजियम सिस्टम को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। कई दफा कॉलेजियम सिस्टम को लेकर सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच तकरार भी देखने को मिलती रही है। इस बीच प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर नेहरू और इंदिरा गांधी का नाम लेकर कांग्रेस सरकार की गलतियां याद दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते समय दो बार सबसे सीनियर जजों को नजरअंदाज कर दिया था।

CJI बीआर गवाई ने जजों की नियुक्ति को लेकर यह टिप्पणी ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में की। सीजेआई यहां न्यायिक वैधता और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखना विषय पर संबोधित कर रहे थे।

सीजेआई ने कहा - भारत में न्यायिक नियुक्तियों में प्राथमिकता विवाद का एक बड़ा मुद्दा है। साल 1993 तक सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति में आखिरी फैसला कार्यपालिका (सरकार) का होता था।

## मद्रास हाईकोर्ट ने दिया सरकार का साथ, ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर बैन बरकरार



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर रोक लगाई थी। सरकार के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। वहीं, मद्रास हाईकोर्ट ने भी सरकार के फैसले को सही ठहराया है।

बीते दिन मद्रास हाईकोर्ट के जज एस.एम.सुब्रमण्यम और के.राजशेखर की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने रियल मनी गेमिंग पर बनाए गए तमिलनाडु सरकार के नियमों को बरकरार रखने के आदेश दिए हैं।

मद्रास हाईकोर्ट का फैसला- मद्रास हाईकोर्ट की दो जजों की बेंच ने कहा कि रियल मनी गेमिंग में हिस्सा लेने वाले यूजर्स का आधार सत्यापित करना आवश्यक होगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि यूजर की उम्र 18 साल से अधिक है।

क्या है पूरा मामला- बता दें कि तमिलनाडु सरकार ने रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक के लिए ऑनलाइन रियल मनी गेम्स खेलने पर पाबंदी लगाई है। इसके लिए तमिलनाडु ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी (रियल मनी गेम्स), रेग्युलेशन 2025 लाया गया था।

## सभी जोश में थे, हम लोगों पर लाठी... चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ पर क्या बोले डीके शिवकुमार?





नई दिल्ली (एजेंसी)। आरसीबी विक्ट्री परेड से पहले बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई। समाचार एजेंसी रॉयटर ने टीवी चैनलों के हवाले से जानकारी दी है कि भगदड़ में अब तक सात लोगों की मौत हुई है।

बता दें कि आईपीएल फे फानल मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब को 6 रन से हरा दिया। आरसीबी पहली बार आईपीएल चैंपियन बनी है। थोड़ी देर में कर्नाटक विधानसभा से चिन्नास्वामी स्टेडियम आरसीबी परेड निकलने वाली है। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हादसे के पीछे की वजह आयोजकों की लापरवाही बताई जा रही है। हजारों की तादाद में आरसीबी फैंस जीत का जश्न मनाने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचे हैं। वहीं, बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम के बाहर मौजूद हैं। मंगलवार रात से ही आरसीबी फैंस जीत का जश्न मना रहे हैं।

डीके शिवकुमार - कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भगदड़ को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा,मौत को लेकर कुछ भी पुष्टि नहीं कर सकते। हमने 5,000 से अधिक कर्मियों की व्यवस्था की थी। यह एक युवा उत्साही भीड़ है, हम लाठी चार्ज नहीं कर सकते।

## मानसिक अस्पताल में अचानक बिगड़ी मरीजों की सेहत, 1 की मौत और 70 की हालत गंभीर



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना सरकार के मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में अचानक कई मरीजों की तबीयत खराब हो गई। वहीं इलाज के दौरान 1 शख्स ने दम तोड़ दिया। शुरुआती जांच में घटना की वजह फूड पॉयजनिंग को माना जा रहा है।

यह घटना एर्रागड्डा के मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल की है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर अनुराग दयाल दुरशेट्टी अस्पताल पहुंचे।

1 मरीज की मौत- अनुराग दयाल दुरशेट्टी के अनुसार, IHM के सभी मरीजों को अचानक उल्टियां होने लगीं और वो डायरिया से ग्रसित हो गए। इस दौरान 1 मरीज की हालत गंभीर हो गई। मेडिकल स्टाफ ने उसे सीपीआर भी दिया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

2 मरीजों को किया गया रेफर - मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में हुई इस घटना के बाद तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री भी फौरन एक्टिव हो गए। उन्होंने तुरंत मामले पर कार्रवाई करते हुए उस्मानिया अस्पताल की स्पेशल मेडिकल टीम को एर्रागड्डा भेजा। 70 मरीजों में से 68 मरीजों की हालत में सुधार देखने को मिला है। हालांकि 2 की हालत गंभीर हो गई थी, जिन्हें उस्मानिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था।

जांच के आदेश- इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। जांच एजेंसियों को घटना की जांच करने के आदेश दिए गए हैं। हालांकि फूड पॉयजनिंग की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। जांच एजेंसियां अस्पताल में खाने और पानी का सैंपल इकट्ठा कर लिया है।

## बहुत कुछ कह सकता हूं मगर, कन्नड़ भाषा विवाद पर कमल हासन ने माफी मांगने से किया इनकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। अभिनेता कमल हासन की कन्नड़ भाषा को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद अभी थमा नहीं है। एक तरफ उन्होंने विवाद पर माफी मांगने से इंकार कर दिया है, वहीं एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कह दिया कि उनके पास एक तमिल के लिए कहने को बहुत कुछ है, लेकिन वह अभी नहीं बोलेंगे।

दरअसल कमल हासने की फिल्म ठग लाइफ गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर निर्माता और विशेष तौर पर कमल हासन काफी उत्साहित हैं। इसी उत्साह में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कह दिया था कि कन्नड़ असल में तमिल से निकली भाषा है।

हाईकोर्ट ने लगाई थी फटकार- कमल हासन के इस बयान का कर्नाटक में जबरदस्त विरोध हुआ। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चेतावनी दे दी कि अगर कमल हासन ने माफी नहीं मांगी, तो उनकी फिल्म को कर्नाटक में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। मंगलवार को कर्नाटक हाई कोर्ट ने भी उन्हें बयान के लिए फटकार लगाई थी।

आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने भाषा विवाद पर कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया, लेकिन ये जरूर कहा कि मेरे पास एक तमिल के तौर पर बोलने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन मैं बाद में बात करूंगा। बता दें कि कमल हासन एक राजनेता भी हैं और मक्कल निधि मैयम के प्रमुख हैं।

लोकतंत्र में जताया भरोसा- कमल हासन ने कहा था कि हमारे देश में लोकतंत्र है और मैं कानून में भरोसा रखता हूं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल के लिए मेरा प्यार सच्चा है। केवल एजेंडा वाले लोग ही इस पर शक कर सकते हैं। मुझे पहले भी धमकी दी गई थी। अगर मैं गलत नहीं हूं, तो माफी नहीं मांगूंगा। कमल हासन ने तमिलनाडु के समर्थन के लिए आभार भी जताया।

कमल हासन ने ये भी कहा था कि उनके बयान को गलत और संदर्भ से बाहर समझा गया।

## संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर होगा सियासी घमासान! 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र की तारीखों का एलान हो गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा।

वहीं विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद के विशेष सत्र की लगातार मांग की जा रही है। इस बीच सरकार ने यह एलान किया है। पीटीआई सूत्रों के मुताबिक, संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की तरफ से राष्ट्रपति को भेजी गई सिफारिशों के अनुसार संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा।

जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा - संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के महाभियोग मामले के सिलसिले में कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और डीएमके सहित कई विपक्षी नेताओं से संपर्क किया है।

आवास से बरामद हुई थी नकदी- इस साल मार्च में दिल्ली में न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जला हुआ कैश बरामद हुआ। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। इस मामले के बाद उनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

इससे पहले कब हुआ था आयोजित- इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। बता दें कि पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला था। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और आज यानी 4 अप्रैल को समाप्त हुआ है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल दशमी

## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर अनेक देशों में न्यायक क्षेत्र को अपने अधीन रखने में तेज कवायतें चलती रही है...



वैश्विक स्तरपर अनेक देशों में न्यायक क्षेत्र को अपने अधीन रखने में तेज कवायतें चलती रही है, तो अनेकों देशों ने अपने संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति, हाईकोर्ट जिला सत्र न्यायालय संबंधी कुछ नियमों को संशोधित कर, यानें संविधान को संशोधन कर पूरा पावर अपने हाथों में कर लिया है,जिसका सटीक उदाहरण पाकिस्तान इज़राइल सहित कुछ देश हैं, व अनेकों देश इस दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं,क्योंकि अनेक देशों में हमने देखे हैं कि न्यायालय द्वारा अनेक बड़े-बड़े लीडरों को सलाखों के पीछे भेज दिया है व केंद्र एवं राज्य सरकारों के निर्णयों को पलट भी दिया है, हालांकि वे सरकारें तुरंत अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलट देती है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण अभी दिल्ली केस में सुप्रीम कोर्ट के आर्डर को अध्यादेश लाकर पलट दिए, इस खेल की शुरुआत करीब 1986 में शाहबानो केस से हुई जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अध्यादेश लाकर पलट दिया गया था।आज इस बात की चर्चा हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मेक्सिको में 11 सितंबर 2024 को एक कानून पारित कर दुनियाँ का पहला ऐसा देश बन गया था, जिसने वोटर को सभी स्तरों पर जजों को चुनने की इजाजत दे दी, जिसमें ऊपरी सदनमें बिल के पक्ष में 68 व विरोध में 41 वोट पड़े थे व संशोधन के साथ दो तिहाई बहुमत से पारित हो गया था, व 2025 व 2027 में जजों के चुनाव की व्यवस्था की गई थी इसके पहले चरण में दिनांक 2 जून 2025 को चुनाव हुए जिसमें करीब 2700 से अधिक पदों के लिए 7700 उम्मीदवारों ने भाग लिया था।मेरा मानना है कि इस पारित किए गए कानून व उसके अनुसार किए गए चुनाव को संयुक्त राष्ट या वैश्विक मंचों द्वारा खारिज करने की कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि यह व्यवस्था पूरी न्यायिक प्रणाली का राजनीति करण व अपराधीकरण लाने की संभावना बढ़ जाएगी व न्यायिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ जाएगी जिसे आम जनता का विश्वास न्याय व्यवस्था से पूरी तरह से उठ जाएगा।चूँकि विश्व में मेक्सिको एक ऐसा पहला देश बन गया है जहां न्यायायिक पदों के लिए सीधे आम जनता ने वोट डाला सिर्फ 13 पेर्सेंट वोटिंग दर्ज की गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अदालतों को लोकतांत्रिक बनाने,सीधा आम जनता द्वारा चुनाव,अनोखा विवादित व लोकतंत्र का मजाक है- न्यायिक व्यवस्था राजनीतिक अपराधिक व अयोग्य व्यक्तियों के हाथों में होगी। साथियों बात अगर हम मेक्सिको में आम जनता द्वारा जजों के चुनाव में 13 पर्सेंट वोट देकर नाकारनें की करें तो, मेक्सिको द्वारा देशव्यापी चुनावों के माध्यम से अपनी न्यायिक प्रणाली में सुधार करने के महत्वाकांक्षी प्रयास को मतदाताओं से बहुत कम प्रतिक्रिया मिली है। राष्टपति द्वारा इस प्रक्रिया को सफल बताए जाने के बावजूद, मतदान में पात्र मतदाताओं का केवल 13पेर्सेंट हिस्सा ही शामिल होने का अनुमान है, जो हाल के राष्टपति चुनावों में 60 पेर्सेंट भागीदारी के बिल्कुल विपरीत है। अपने पैमाने में अभूतपूर्व इस सर्वेक्षण का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित लगभग 3,000 न्यायिक पदों का चयन करना था। आलोचकों का तर्क है कि इस दृष्टिकोण से सत्तारूढ़ पार्टी को सरकार की सभीशाखाओं में सत्ता को मजबूत करने की अनुमति मिल सकती है, जो संभावित रूप से न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता कर सकती है। कम मतदान का कारण मतदाताओं का भ्रम, उम्मीदवारों के बारे में जानकारी की कमी और योग्यता के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति के बजाय उन्हें चुनने के बारे में व्यापक संदेह है। जैसे-जैसे परिणाम आ रहे हैं, इस बारे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह लोकतांत्रिक प्रयोग मेक्सिको की टूटी हुई न्याय प्रणाली को संबोधित करेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस



विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट द्वारा सकारात्मक पर्यावरण कार्य हेतु दुनिया भर में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा उत्सव है। पर्यावरण और जीवन का अन्योन्याश्रित संबंध है तथापि हमें अलग से यह दिवस मनाकर पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन और विकास का संकल्प लेने की आवश्यकता पड़ रही है। यह चिंताजनक ही नहीं, शर्मनाक भी है। पर्यावरण प्रदूषण की समस्या पर सन् 1972 में संयुक्त राष्ट संघ ने स्टाकहोम (स्वीडन) में विश्व भर के देशों का पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया। इसमें 119 देशों ने भाग लिया और पहली बार एक ही पृथ्वी का सिद्धांत मान्य किया। इसी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट पर्यावरण कार्यक्रम का जन्म हुआ तथा प्रति वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस आयोजित करके नागरिकों को प्रदूषण की समस्या से अवगत कराने का निश्चय किया गया। तथा इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाते हुए राजनीतिक चेतना जागृत करना और आम जनता को प्रेरित करना था। उक्त गोष्ठी में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति एवं उसका विश्व के भविष्य पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया था। पर्यावरण-सुरक्षा की दिशा में यह भारत का प्रारंभिक क़दम था। तभी से हम प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाते आ रहे हैं।

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम- 19 नवंबर 1986 से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ। तदनुसार जल, वायु, भूमि- इन तीनों से संबंधित कारक तथा मानव, पौधों, सूक्ष्म जीव, अन्य जीवित पदार्थ आदि पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के कई महत्त्वपूर्ण बिंदु हैं।

जैसे- पर्यावरण की गुणवत्ता के संरक्षण हेतु सभी आवश्यक क़दम उठाना।

पर्यावरण प्रदूषण के निवारण, नियंत्रण और उपशमन हेतु राष्टव्यापी कार्यक्रम की योजना बनाना और उसे क्रियान्वित करना।

पर्यावरण की गुणवत्ता के मानक निर्धारित करना।

पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत राज्य-सरकारों, अधिकारियों और संबंधितों के काम में समन्वय स्थापित करना।

ऐसे क्षेत्रों का परिसीमन करना, जहाँ किसी भी उद्योग की स्थापना अथवा औद्योगिक गतिविधियां संचालित न की जा सकें, आदि- आदि। उक्त-अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है।

वर्तमान में पर्यावरण की स्थिति- आजकल 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन महज एक रस्म अदायगी है। भले ही इस अवसर पर बड़े-बड़े व्याख्यान दिये जाएं, हज़ारों पौधा-रोपण किए जाएं और पर्यावरण संरक्षण की झूठी क़समें खायी जाएं, पर इस एक दिन को छोड़ शेष 365 दिन प्रकृति के प्रति हमारा अमानवीय व्यवहार इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि हम पर्यावरण के प्रति कितने उदासीन और संवेदन शून्य हैं? आज हमारे पास शुद्ध पेयजल का अभाव है, सांस लेने के लिए शुद्ध हवा कम पड़ने लगी है। जंगल कटते जा रहे हैं, जल के स्रोत नष्ट हो रहे हैं, वनों के लिए आवश्यक वन्य प्राणी भी विलीन होते जा रहे हैं। औद्योगीकरण ने खेत-खलिहान और वन-प्रान्तर निगल लिये। वन्य जीवों का आशियाना छिन गया। कल-कारखाने धुआं उगल रहे हैं और प्राणवायु को दूषित कर रहे हैं। यह सब ख़तरे की घंटी है।

भारत की सत्तर प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। अब वह भी शहरों में पलायन हेतु आतुर है जबकि शहरी जीवन नारकीय हो चला है। वहाँ हरियाली का नामोनिशान नहीं है, बहुमंजिली इमारतों के जंगल पसरते जा रहे हैं। शहरी घरों में कुएं नहीं होते, पानी के लिए बाहरी स्रोत पर निर्भर रहना पड़ता है। गांवों से पलायन करने वालों की झुग्गियां शहरों की समस्याएं बढ़ाती हैं। यदि सरकार गांवों को सुविधा-संपन्न बनाने की ओर ध्यान दें तो वहाँ से लोगों का पलायन रुक सकता है। वहाँ अच्छी सड़कें, आवागमन के साधान, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल व अन्य आवश्यक सुविधाएं सुलभ हों तथा शासन की कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का लाभ आमजन को मिलने का पूरा प्रबंध हो तो लोग पलायन क्यों करेंगे ? गांवों में कृषि कार्य अच्छे से हो, कुएं-तालाब, बावड़ियों की सफाई यथा-समय हो, गंदगी से बचाव के उपाय किये जाएँ। संक्षेप में यह कि वहाँ ग्रामीण विकास योजनाओं का ईमानदारी-पूर्वक संचालन हो तो ग्रामों का स्वरूप निश्चय ही बदलेगा और वहाँ के पर्यावरण से प्रभावित होकर शहर से जाने वाले नौकरी-पेशा भी वहाँ रहने को आतुर होंगे।

धरती का तापमान निरंतर बढ़ रहा है, इसलिए पशु-पक्षियों की कई प्रजातियाँ लुप्त हो गयी हैं। जंगलों से शेर, चीते, बाघ आदि गायब हो चले हैं। भारत में 50 करोड़ से भी अधिक जानवर हैं, जिनमें से पांच करोड़ प्रति वर्ष मर जाते हैं और साढ़े छः करोड़ नये जन्म लेते हैं। वन्य प्राणी प्राकृतिक संतुलन स्थापित करने में सहायक होते हैं। उनकी घटती संख्या पर्यावरण के लिए घातक है। जैसे गिद्ध जानवर की प्रजाति वन्य जीवन के लिए वरदान है पर अब 90 प्रतिशत गिद्ध मर चुके हैं इसीलिए देश के विभिन्न भागों में सड़े हुए जानवर दिख जाते हैं। जबकि औसतन बीस मिनट में ही गिद्धों का झुंड एक बड़े मृत जानवर को खा जाता था। पर्यावरण की दृष्टि से वन्य प्राणियों की रक्षा अनिवार्य है। इसके लिए सरकार को वन-संरक्षण और वनों के विस्तार की योजना पर गंभीरता से कार्य करना होगा। वनों से लगे हुए ग्रामवासियों को वनीकरण के लाभ समझा कर उनकी सहायता लेनी होगी तभी हमारे जंगल नये सिरे से विकसित हो पाएंगे जिसकी नितांत आवश्यकता है।

पर्यावरण प्रदूषण- पृथ्वी के सभी प्राणी एक-दूसरे पर निर्भर है तथा विश्व का प्रत्येक पदार्थ एक-दूसरे से प्रभावित होता है। इसलिए और भी आवश्यक हो जाता है कि प्रकृति की इन सभी वस्तुओं के बीच आवश्यक संतुलन को बनाये रखा जाये। इस 21वीं सदी में जिस प्रकार से हम औद्योगिक विकास और भौतिक समृद्धि की ओर बढ़े चले जा रहे हैं, वह पर्यावरण संतुलन को समाप्त करता जा रहा है। अनेकानेक उद्योग-धंधों, वाहनों तथा अन्यान्य मशीनी उपकरणों द्वारा हम हर घड़ी जल और वायु को प्रदूषित करते रहते हैं। वायुमंडल में बड़े पैमाने पर लगातार विभिन्न घटक औद्योगिक गैसों के छोड़े जाने से पर्यावरण संतुलन पर अत्यंत विपरीत प्रभाव पड़ता रहता है। मुख्यतः पर्यावरण के प्रदूषित होने के मुख्य कारण हैं - निरंतर बढ़ती आबादी, औद्योगीकरण, वाहनों द्वारा छोड़ा जाने वाला धुआँ, नदियों, तालाबों में गिरता हुआ कूड़ा-कचरा, वनों का कटान, खेतों में रसायनों का असंतुलित प्रयोग, पहाड़ों में चट्टानों का खिसकाना, मिट्टी का कटान आदि।

भूमि प्रदूषण- पर्यावरण की रक्षा के लिए मृदा, जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम अनिवार्य है। भूमि-प्रदूषण का कारण है - वनों का विनाश, खदानें, भू-क्षरण, रासायनिक खाद तथा कीटनाशक दवाओं का उपयोग आदि। भूमि की उर्वरता बढ़ाने हेतु रासायनिक खाद का तथा फसल को कीड़ों और रोगों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो भूमि को प्रदूषित कर देते हैं। इनके कारण भूमि को लाभ पहुंचाने वाले मेंढक व केंचुआ जैसे जीव नष्ट हो जाते हैं जबकि फसलों को क्षति पहुंचाने वाले कीड़े-मकोड़ों से बचाव में यही जीव सहायक होते हैं। अतः कृषि फसल में एलगी, कम्पोस्ट खाद तथा हरी खाद का उपयोग किया जाना चाहिए ताकि खेतों में ऐसे लाभदायक जीवों की वृद्धि हो सके जो खेती की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकें। कृषि तथा अन्य कार्यों में कीटनाशकों के प्रयोग की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अधिकांश कीटनाशकों को विषैला घोषित किया है, बावजूद इसके हमारे देश में तो इनका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है।

जल प्रदूषण- पृथ्वी का तीन चौथाई हिस्सा जलमग्न है फिर भी क़रीब 0.3 फीसदी जल ही पीने योग्य है। विभिन्न उद्योगों और मानव बस्तियों के कचरे ने जल को इतना प्रदूषित कर दिया है कि पीने के क़रीब 0.3 फीसदी जल में से मात्र क़रीब 30 फीसदी जल ही वास्तव में पीने के लायक़ रह गया है। जल प्रदूषण के कारण अनेक बीमारियाँ जैसे - पेचिश, खुजली, हैजा, पीलिया आदि फैलते हैं। चूंकि अब जल-संकट गंभीर रूप धारण कर चुका है अतः जल-स्रोतों को सूखने से बचाने के साथ-साथ जल-प्रदूषण को रोकने के उपाय भी करने होंगे।

# 5 साल में 18000% का रिटर्न देने वाली कंपनी अब दे रही बोनस शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में अर्निंग सीजन अब खत्म हो गया लेकिन तिमाही नतीजों में कई कंपनियों द्वारा डिविडेंड और बोनस शेयर से जुड़ी अहम तारीख रही हैं। इसी कड़ी में सिलचर टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों के लिए कल का दिन अहम रहेगा, क्योंकि ये एक्स बोनस ट्रेड करेंगे। दरअसल, इस कंपनी ने अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर देने का ऐलान किया है।

सिलचर टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को 1ऱ2 बोनस शेयर देने का ऐलान किया है, यानी हर 2 शेयर पर एक स्टॉक मिलेगा। खास बात है कि कंपनी दूसरी बार बोनस इश्यू देने जा रही है।

क्या है बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट- इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 6 जून, शुक्रवार को रिकॉर्ड डेट तय की है। ऐसे में अगर कोई निवेशक 5 जून को इस कंपनी के शेयर खरीदता है तो वह बोनस शेयर के लिए पात्र होगा। क्योंकि, 6 जून तक अगर किसी निवेशक के डीमैट अकाउंट में शेयर क्रेडिट होंगे तो वह बोनस इश्यू के लिए पात्र होगा।

कंपनी ने बताया है कि वह 9 जून को बोनस शेयरो का अलॉटमेंट कर देगी, और यह आपके डीमैट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएंगे। खास बात है कि यह कंपी 2023 में भी बोनस शेयर दे चुकी है। सिलचर टेक्नोलॉजी के शेयरों का मौजूदा प्राइस 8292 रुपये है।

शेयरों ने मल्टीबैगर रिटर्न- पिछले एक महीने में इस कंपनी के शेयरों ने 25 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। वहीं, एक साल में यह रिटर्न 64 फीसदी है। सबसे खास बात है कि सिलचर टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयर पिछले 5 साल में 18000न्न का रिटर्न दे चुके हैं।

गुजरात के वडोदरा में स्थित शिलचर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और पावर व डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर का निर्माता है।

## कैसे ज्यादा कमाएं और पैसा बचाएं, शाहरुख खान ने बड़े प्यार से समझाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। लाइफ में पैसा कमाने और उसे बचाने की चाहत हर कोई रखता है लेकिन सब इस मकसद में कामयाब नहीं हो पाते हैं। कोई ज्यादा कमा नहीं पाता है और जो कमाता है वह ज्यादा बचा नहीं पाता है, खासकर नौकरीपेशा और मीडिल क्लास फैमिली इसी वजह से परेशान रहती है। आम आदमी की इस मुश्किल का शाहरुख खान ने बड़ा आसान हल दिया है। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने पैसा कमाने और बचाने के लिए 4 खास सलाह दी है। एक कामयाब एक्टर होने के साथ-साथ शाहरुख खान, सफल बिजनेसमैन भी हैं। वे फिल्मों में एक्टिंग करने के अलावा प्रोडक्शन हाउस, स्पोर्ट्स वेंचर भी चलाते हैं। शाहरुख खान की अपनी फिल्म प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट है, और विजुअल इफ़ेक्ट यूनिट, ड्ढक्तस्नङ्ग भी है। इसके अलावा, वे कोलकाता नाइट राइडर्स की आईपीएल फ़्रैंचाइज़ी के आंशिक मालिक भी हैं। साथ ही, उन्होंने मैक्सिकन चैन किडज़ानिया की भारतीय फ़्रैंचाइज़ी में भी निवेश किया है। इससे शाहरुख खान साफ करना चाहते हैं कि आमदनी के एक नहीं बल्कि दो या दो से ज्यादा सोर्स होने चाहिए।

कर्ज लेने से बचें- शाहरुख खान अपनी फिल्मों के लिए कर्ज या उधार नहीं लेते हैं। उनका कहना है कि वे अपने शौक के लिए किसी और के पैसे को जोखिम में नहीं डालना चाहते।

## कम महंगाई और अच्छे आर्थिक आंकड़े, फिर भी शेयर मार्केट सुस्त, एक्सपर्ट से जानिए कब आएगी बाजार में बड़ी तेजी





नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में पिछले कुछ दिनों से एक सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी 24800 के स्तर को तोड़ नहीं पा रहा है और नीचे 24500 पर सपोर्ट बना रहा है। पिछले करीब 10 ट्रेडिंग सेशन से मार्केट में यही सब चल रहा है। सवाल है कि अच्छा मानसून, महंगाई पर नियंत्रण, बेहतर जीडीपी और जीएसटी डाटा आने के बावजूद बाजार में कोई तेजी देखने को नहीं मिल रही है।

आखिर क्या वजह है कि बेहतर मैक्रो इकोनॉमिक डाटा के बावजूद भी मार्केट इन पॉजिटिव खबरों पर रिएक्ट क्यों नहीं कर रहा है। इस बारे में हमने मार्केट एक्सपर्ट से बात की और यह जानने की कोशिश कि आखिर वे कौन-से फैक्टर हैं जो बाजार पर दबाव बना रहे हैं, साथ ही आने वाले दिनों में कौन-से ऐसे ट्रिगर होंगे जो मार्केट के लिए अहम होंगे।

क्यों नहीं आ रही बाजार में तेजी- बाजार में जारी उतार-चढ़ाव पर केजरीवाल रिसर्च फर्म के फाउंडर अरुण केजरीवाल ने कहा, बाजार में पिछले कुछ दिनों से हायर लेवल पर विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी है इसलिए मार्केट ऊपरी स्तरों पर टिक नहीं पा रहा है।उन्होंने कहा कि मार्केट के लिए सबसे बड़ा ट्रिगर इंडिया-यूएस ट्रेड पॉलिसी है, जिस पर निवेशकों की पैनी नजर है। इस व्यापार नीति पर स्पष्टता आने के बाद मार्केट में कोई बड़ा मूव आ सकता है।

अरुण केजरीवाल ने कहा कि, आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी पर भी बाजार की नजर रहेगी। 6 जून, शुक्रवार को रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा मौद्रिक नीति का ऐलान करेंगे। उन्होंने कहा, ऐसा माना जा रहा है कि आरबीआई, ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर सकता है। हालांकि, यह बाजार के लिए डिस्काउंटेड है, अगर सेंट्रल बैंक 50 बेसिस प्वाइंट का रेट कट कर देता है तो यह बाजार में एक नया जोश भर सकता है।

## दीपक फर्टिलाइजर, इरकॉन, बीएसई समेत आधा दर्जन शेयरों पर आपके काम की सलाह




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं और आपको निवेश के लिए शेयरों की तलाश रहती है या किसी शेयर के बारे में आपके कोई सवाल हैं, तो यह मंच आपके लिए ही है। जागरण बिजनेस के खास कार्यक्रम आपके शेयर, हमारी राय में मार्केट के एक्सपर्ट आपके सवालों के जवाब देते हैं।

आज हमारे एक्सपर्ट थे प्रॉफिटएज अकैडमी के पार्टनर योगेश नंदा। आइए जानते हैं उन्होंने किन-किन शेयरों पर अपनी एक्सपर्ट सलाह दी। आप भी अपने सवाल आपके शेयर, हमारी राय शो में पूछ सकते हैं। यह कार्यक्रम सोमवार से शुक्रवार दोपहर 1 बजे जागरण बिजनेस के यूट्यूब चैनल पर लाइव चलता है।

अगर Tata Technologies का डिटेल चार्ट एनालाइज करें तो शुरुआत से ही यह स्टॉक कमजोर था। लेकिन इसमें अब काफी बिकवाली आ चुकी है। हाल में 730 रुपए के स्तर पर इस स्टॉक ने एक डबल बॉटम बनाकर ब्रेक आउट दिया है। इसलिए अगर 760 रुपए पर इसे खरीदा है, मैं सलाह दूंगा कि आप इस स्टॉक में बने रहें। आप 725 से 730 रुपए के बीच के स्टॉप लॉस लगाकर इसे होल्ड कर सकते हैं।

# पाकिस्तान को 800 मिलियन डॉलर का लोन क्यों? ADB के फैसले पर भारत सरकार का कड़ा विरोध




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा पाकिस्तान को 800 मिलियन डॉलर का लोन देने वाले फैसले का कड़ा विरोध किया है। भारत सरकार का कहना है कि लोन में मिले पैसों का पाकिस्तान दुरुपयोग करेगा और इसका इस्तेमाल सैन्य खर्चों को बढ़ाने के लिए कर सकता है।

भारत सरकार ने कहा कि हम एडीबी के इस फैसले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। एडीबी ने ऐसे समय में लोन देने का फैसला किया है, जब पाकिस्तान की जीडीपी घट रही है, लेकिन वह डिफेंस बजट बढ़ाने की तैयारी में है जबकि उसे आर्थिक सुधारों में ध्यान देने की जरूरत है।

मंगलवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान को उधार 800 मिलियन डॉलर देने का फैसला किया है। एडीबी का दावा है कि पाकिस्तान उधार में मिले पैसों का इस्तेमाल राजकोषीय स्थिरता को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए करेगा।

इससे पहले, कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखी, जिसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जून को एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात की और तीन दिन बाद एडीबी ने पाकिस्तान को 800 मिलियन डॉलर का ऋण मंजूर कर दिया।

पीटीआई के सरकारी सूत्रों की मानें तो भारत को उम्मीद है कि एडीबी मैनेजमेंट एडीबी के पैसों को पर्याप्त रूप से सुरक्षित रखेगा, ताकि इस तरह के किसी भी दुरुपयोग को रोका जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान का पहले से ही खराब रिकॉर्ड रहा है। ये इसलिए हुआ है क्योंकि पड़ोसी देश के आर्थिक मामलों में सेना ने हस्तक्षेप किया है।

## तुर्की की जिस कंपनी को हटाया उसकी जगह लेगी अदाणी एयरपोर्ट्स, 75 करोड़ डॉलर का विदेशी कर्ज लिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स मुंबई और अहमदाबाद में ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज के लिए बोली लगाने पर विचार कर रही है। इन दोनों एयरपोर्ट में तुर्की की कंपनी सेलेबी के हटने के बाद जगह बनी है। ग्राउंड हैंडलिंग अदाणी एयरपोर्ट के लिए नया बिजनेस होगा। इस बीच, कंपनी ने 75 करोड़ डॉलर का विदेशी कर्ज जुटाने की भी जानकारी दी है। तुर्की की सेलेबी कंपनी की जगह लेना चाहती है अदाणी एयरपोर्ट्स

सेलेबी भारत में नौ हवाई अड्डों पर ऑपरेट करती थी। इनमें नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर गेटवे फैसिलिटी और मुंबई के छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट पर कमर्शियल हब शामिल हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध में पिछले महीने जब तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन किया तो उसके बाद तुर्की की इस कंपनी को भारत में अपना ऑपरेशन बंद करना पड़ा।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# भोपाल में मिला पहला कोरोना पॉजिटिव मरीज, अस्पतालों को किया अलर्ट



भोपाल। कोरोना एक बार फिर अपने पैर पसार रहा है। देश में चार हजार से अधिक मामले मिलने से स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गई है। बात अगर मध्य प्रदेश की करें तो यहां 40 से अधिक मामले दर्ज हो चुके है जिसमें सबसे ज्यादा इंदौर से है। वहीं, राजधानी भोपाल में इस साल का पहला कोरोना पॉजिटिव मामला भी सामने आया है। मरीज फिलहाल डॉक्टरों की देखरेख में है।बुखार और गले में खराश की शिकायत के बाद कराई जांच

बता दें कि करोंद इलाके में रहने वाली एक महिला को बुखार और गले में खराश की शिकायत थी, जिसके बाद उसने अयोध्या नगर स्थित एक निजी अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया गया। मरीज के लक्षणों को देखते हुए डॉक्टरों ने महिला को आरटी-पीसीआर जांच कराने की सलाह दी। जब उसने करोंद क्षेत्र की एक निजी लैब में जांच करवाई, तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जिंदल अस्पताल लेकर पहुंचे

जानकारी के मुताबिक महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जिंदल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां प्रारंभिक जांच में कोरोना के लक्षण दिखाई दिए, जिसके बाद सघन जांच कराई गई। मंगलवार सुबह जांच कराने के बाद देर रात करीब 11ः30 बजे रिपोर्ट आई, जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। फिलहाल महिला का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है, जहां उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है।

एम्स भोपाल, हमीदिया और जेपी अस्पताल के कोविड वार्ड सक्रिय साल 2025 में राजधानी भोपाल का यह पहला कोरोना मामला है। स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात के तौर पर एम्स भोपाल, हमीदिया और जेपी अस्पताल में विशेष कोविड वार्ड भी सक्रिय कर दिए हैं। हालांकि, फिलहाल घबराने की स्थिति नहीं है, लेकिन विशेषज्ञों ने सतर्कता बरतने की अपील की है।

# कुत्ते ने बच्चे को नोंच खाया, चेहरे व गले पर गहरे घाव के निशान



मंदसौर। मंदसौर जिले के सुवासरा क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बुधवार सुबह रुणीजा रोड पर खेल रहे एक चार वर्षीय मासूम आयुष पर आवारा कुत्तों ने हमला कर उसकी जान ले ली। यह दर्दनाक हादसा नगर परिषद से महज 600 मीटर की दूरी पर हुआ।प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष पुत्र दशरथदास बैरागी अपनी मां के साथ पिछले छह महीनों से अपने मामा संदीप बैरागी के घर रुणीजा रोड स्थित निवास पर रह रहा था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे आयुष अपने दो अन्य साथियों के साथ घर के बाहर खेल रहा था।

8 से 10 आवारा कुत्तों का झुंड वहां आ गया। तीनों बच्चों पर अचानक हमला कर दिया। दो बच्चे किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन आयुष पर कुत्तों ने बेरहमी से हमला कर दिया। खासकर गले और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे घाव होने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने कुत्तों को भगाकर बच्चे को छुड़ाया। उसको तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।प्रशासन और परिषद की लापरवाही आई सामने नगर परिषद के सीएमओ संजय राठौर ने बयान दिया है कि यह घटना नगर सीमा से बाहर किशोरपुरा पंचायत क्षेत्र में हुई है। गुरुवार से तीन दिवसीय आवारा श्वान पकड़ने का अभियान शुरू किया जाएगा।

कांग्रेस के पार्षद नेता प्रतिपक्ष महेश मांदलिया ने परिषद पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाई नहीं की गई। यह घटना प्रशासन की घोर उदासीनता को उजागर करती है।

## छात्र ने की आत्महत्या, नीट में कम नंबर आने पर पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारी



ग्वालियर। 18 वर्षीय छात्र ने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को ही नीट की आंसर शीट जारी हुई थी, जिसमें नंबर कम आने से छात्र तनाव में था।

शताब्दीपुरम स्थित बालाजी कांप्लेक्स के पास रहने वाले ब्रजभान सिंह राठौड़ का 18 वर्षीय बेटा निखिल प्रताप सिंह ने नीट की परीक्षा दी थी। मंगलवार को नीट की आंसरशीट जारी हुई, तो उसके हिसाब से उसमें नंबर कम आए थे, इससे वह परेशान था। छात्र अपने कमरे में गया और पिता की लाइसेंसी पिस्टल निकालकर और कनपटी पर सटाकर गोली चला दी। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे। यहां उनका बेटा खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

# दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों धराया आरटीओ एजेंट, लोकायुक्त ने RTO को भी बनाया आरोपी



बड़वानी। लोकायुक्त पुलिस इंदौर द्वारा बुधवार दोपहर को जिला मुख्यालय से 16 किमी दूर अंजड़ नगर में ट्रेप कार्रवाई की। इस दौरान एक आरटीओ एजेंट को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपित एजेंट द्वारा फरियादी से 22 लाइसेंस रिनिवल करवाने के 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस दौरान पहली किश्त के रूप में 10 हजार रुपये लेनदेन तय हुआ था।

उक्त कार्रवाई के बाद लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरटीओ एजेंट विवेक मलतारे को बड़वानी के करी रोड स्थित आरटीओ कार्यालय लेकर आई। यहां आरटीओ एजेंट के साथ ही जिला परिवहन अधिकारी रीना किराड़े को भी आरोपित बनाया गया। इसके बाद शाम तक लोकायुक्त पुलिस द्वारा कथन लेने सहित अन्य कार्रवाई जारी रही। वहीं इस दौरान आरटीओ कार्यालय के बाहर एजेंटों की दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गई और सन्नाटा छा गया। लोकायुक्त टीम ने आरटीओ कार्यालयों के कक्षों सहित एजेंट मलतारे की दुकान का ताला खोलकर जांच पड़ताल भी की। एजेंट के साथ आरटीओ को बनाया आरोपित

लोकायुक्त निरीक्षक प्रतिभा तोमर ने बताया कि फरियादी चेतन शर्मा निवासी अंजड़ ने लोकायुक्त एसपी इंदौर के समक्ष गत माह शिकायत की थी। जिसमें आरोपित रीना किराड़े जिला परिवहन अधिकारी और प्राइवेट एजेंट विवेक मलतारे पर लाइसेंस रिनिवल के लिए रिश्वत की मांग की शिकायत की थी। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने उक्त शिकायत की जांच की और रिश्वत की पुष्टि कराई गई। धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम और 61-2 बीएसए के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया। इसके बाद बुधवार को अंजड़ नगर के गायत्री मंदिर के पास ट्रेप कार्रवाई की। जिसमें प्राइवेट एजेंट विवेक मलतारे को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद एजेंट को लेकर लोकायुक्त टीम आरटीओ कार्यालय पहुंची। यहां आरटीओ के कक्ष में कार्रवाई दर्ज की गई। कार्रवाई में आरक्षक विजय कुमार, कमलेश परिहार, आदित्य भदोरिया, सतीश यादव, कृष्ण अहिरवार और शेर सिंह चालक शामिल थे।

## अब होंगे आईएएस तबादले, मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर तक बदले जाएंगे अधिकारी




भोपाल। आईपीएस अधिकारियों के बाद अब आज-कल में आईएएस अधिकारियों के तबादले होंगे। इसमें मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर तक के अधिकारी बदले जाएंगे। दतिया कलेक्टर संदीप माकिन के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त है। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह और संजीव कुमार झा की पदस्थापना होनी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सूची को अंतिम रूप मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ बैठक करके देंगे। हालांकि मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री फिलहाल बड़ा प्रशासनिक परिवर्तन करने के मूड में नहीं हैं। ऐसे में, केवल आवश्यक पदस्थापनाएं ही एक-दो दिन में की जाएंगी।

माना जा रहा है कि मंत्रालय में अवश्य कुछ बड़े और महत्वपूर्ण परिवर्तन होंगे, जो काफी समय से प्रस्तावित हैं। लोक निर्माण विभाग जैसा बड़े और महत्वपूर्ण विभाग में कोई स्थायी वरिष्ठ अधिकारी नहीं है।

ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई के पास वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लोक निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिसंबर 2024 से है।

वह कई बार आग्रह कर चुके हैं कि इस बड़ी जिम्मेदारी से उन्हें मुक्त किया जाए, क्योंकि ऊर्जा अपने आप में बड़ा विभाग है।



# जिले में अवैध खनन पर कार्यवाही लगातार जारी रखें - कलेक्टर ऋतुराज सिंह



देवास। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर श्री बिहारी सिंह, एसडीएम सोनकच्छ श्रीमती प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव सक्सेना सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने कहा कि आरटीओ लगातार स्कूल बसों की जांच अभियान चलाकर करें। जिले में अवैध खनन पर कार्यवाही लगातार जारी रखें। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में रोड सेफ्टी की बैठक आयोजित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्य में लापरवाही और विभागीय कार्यो की सही से मॉनिटरिंग नहीं करने पर पशु पालन अधिकारी श्री सी एस चौहान को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राहगीर योजना शुरू की गई है। जिसके तहत दुर्घटना होने पर व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुचने वाले व्यक्ति को योजना का लाभ दें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को जागरूक करें। जिले को कुपोषण मुक्त करने के लिए किलकारी अभियान शुरू किया गया है। सभी अधिकारी भी पोषण पुनर्वास केंद्र में जाकर अवलोकन करें और नागरिकों को जागरूक करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि समग्र ई-केवायसी का कार्य जून माह में अभियान चलाकर करें। जून माह से जिले में शतप्रतिशत नागरिकों की ई-केवायसी करनी है। ई-केवायसी कार्य में नगर निगम में प्रगति धीमी होने पर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ई-केवायसी कार्य में तेजी लाये। नगर निगम में तीन लाख नागरिकों की ई-केवायसी करनी है। नगर निगम प्रतिदिन 10 हजार ई-केवायसी करें। प्रतिदिन की प्रगति की रिपोर्ट भी दिखाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी जनपद और नगरीय निकाय अभियान चलाकर ई-केवायसी कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। जो अधिकारी/कर्मचारी ई-केवायसी कार्य में काम नही कर रहे है उनपर कार्यवाही करें और कार्यवाही की जानकारी भी दें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि क्षिप्रा नदी के आसपास से हटाये गए अतिक्रमण वाली जगह पर पौधा रोपण कार्य करें। स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से ग्रामों में टेक्स कलेक्शन का कार्य शीघ्र करें। नल जल योजना में खोदी गई सड़कों का रिस्टोरेशन कार्य शीघ्र करें। ठेकेदारों की बैठक लें और बचें हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार करते रहे। देवास में एबी रोड से अतिक्रमण हटाये। सर्विस लाइन पर अतिक्रमण कर के दुकाने लगाई जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत और वितरित प्रकरणों की जानकारी लेकर, शतप्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राजस्व अधिकारी तालाबों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। जिले में चार साल में एक्सीडेंट में हुई मृत्यू का डाटा सभी एसडीएम निकाले और प्रकरणों का निराकरण।कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगर परिषद में स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे है। अतिरिक्त कर्मचारियों को हटाए और स्वीकृत पदों के अनुरूप ही कर्मचारी कार्य करें इसका ध्यान रखें। पद से अधिक कर्मचारियों को रख कर भुगतान करने वालों के विरूद्ध विभागीय जांच करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बरसात को देखते हुए जिले में जर्जर भवनों का चिंहांकन कर, उन्हें तोड़ने की कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में 05 जून को टेकरी पर वृहद स्तर पर पौधारापण किया जायेगा। नगर निगम देवास को निर्देश दिये 05 जून को देवास में माताजी टेकरी पर वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों को भी शामिल करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करें तथा पौधारोपण कर वायुदूत एप पर फोटो अपलोड भी करें। 21 जून को योग दिवस के लिए नगर निगम जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाये और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़े।

कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लम्बित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर विभाग को ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों का संतुष्टीपूवर्क निराकरण करें। सीएम हेल्प लाइन पर कोई भी शिकायत नोट अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुन अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश



देवास। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने जनसुनवाई में आये आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि दिलाई जाये- जनसुनवाई में आवेदिका पवित्रा बाई पति अशोक कारपेंटर निवासी देवास ने संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

कृषि भूमि में नाम सुधरवाया जाये - जनसुनवाई में आवेदक शिवराम पिता चेनसिंह निवासी सागोनिया तहसील खातेगांव ने कृषि भूमि में नाम सुधरवाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

रास्ते से अवैध कब्जा हटवाया जाये - जनसुनवाई में आवेदक रामेश्वर पिता कोदरसिंह निवासी धतुरिया तहसील टोंकखुर्द ने कृषि भूमि पर जाने वाले रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

ये आवेदन भी हुए प्राप्त- जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, नामाकंन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मलीन कैलाश सारंग की जयंती मनाई



देवास। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी को हमारे समाज के पितृ पुरुष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संस्थापक, सुप्रसिद्ध समाजसेवी,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भाजपा के स्थापना कमेटी के सदस्य, हम सबके प्रेरणा स्त्रोत स्व कैलाश नारायण सारंग की जन्म जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत देवास इकाई द्वारा वृद्धाश्रम देवास में एकत्र होकर वृद्ध जनों से चर्चा की एवं उनके सुख-दुख के भागीदार बने। इसी के साथ स्व श्री सारंग के छायाचित्र पर प्रदेश उपाध्यक्ष एव राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज श्रीवास्तव द्वारा माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्प समर्पित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया ,साथ ही वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को अपने उद्बोधन में कहा कि कायस्थ समाज हमेशा आपके साथ है कभी भी कुछ भी आवश्कता हो। तत्पश्चात वृद्ध आश्रम के वृद्ध जनों महिला एवं पुरुषों को भोजन एवं मिठाई परोस कर खिलाई गई।

# गायत्री जयंती पर्व पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन

देवास। गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर श्रीवेदमाता गायत्री के प्राकट्य दिवस, माँ गंगा का अवतरण दिवस एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी के महाप्रयाण दिवस के उपलक्ष्य में 04 व 05 जून को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।

गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि बाहरी और आंतरिक पवित्रता का पर्व है, गंगा दशहरा व गायत्री जयंती । राजर्षि भगीरथ के कठोर तप व भावभरी प्रार्थनाओं के सुफल के रूप में भगवती गंगा, धरती को पावन करने के लिये अवतरित हुई । इसी शुभ तिथि को ब्रह्मऋषि विश्वामित्र के दुष्कर तप एवं करूण प्रार्थनाओं के प्रतिफल के रूप में आदिशक्ति माँ गायत्री भी अवतरित हुई । इस पावन तिथि को परम पूज्य गुरूदेव का स्वर्ग लोक में गमन हुआ । इस अवसर पर 04 जून को प्रातः 06 बजे से सायंकाल 06 बजे तक अखण्ड जप एवं सायंकाल 07 बजे से दीपयज्ञ तथा 05 जून को प्रातः 08.30 बजे से श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी, वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा, माँ गंगा एवं देवोहवान व देवपूजन कर पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा साथ ही दीक्षा, यज्ञोपवित, विद्यारंभ सहित विभिन्न संस्कार होंगे । प्रातः 11 बजे गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति, आरती पश्चात सामूहिक कार्यकर्ता गोष्ठी संपन्न होगी जिसमें गुरुमाता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखण्ड दीप के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में रचनात्मक अभियानों को साकार करने की योजनाएं बनेगी और संकल्पित भी कराया जायेगा और सामाजिक कार्यकर्ताओ का सम्मान का क्रम भी बनेगा साथ ही महाप्रसाद का वितरण होगा ।

इसी प्रकार गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर पर 04 जून की सन्ध्या को दीपयज्ञ होगा। 05 जून को प्रातः 8.30 बजे से पंचकुण्डी गायत्री महायज्ञ होगा।

# सदगुरु कबीर नवोदय दौ दिवसीय यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



देवास। गीता भवन देवास में के डी वी मिशन की विशेष बैठक आयोजित की गई। सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन अभियान के तहत पूरे भारत वर्ष में सदगुरु कबीर नवोदय यात्रा चल रही है, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, में जीव दया और आतम पूजा के उद्देश्य को लेकर सफलतापूर्वक यात्रा होने के बाद सदगुरु कबीर नवोदय यात्रा सदगुरु कबीर के आशीर्वाद स्वरुप अटल 42 वंश के वर्तमान पंथार्य हुजूर प्रकाश मुनीनाम साहेब की छत्र छाया में 16 वे पंथ आचार्य पंथश्री हुजुर उदितमुनि नाम साहब के सानिध्य में सदगुरु कबीर नवोदय यात्रा मध्य प्रदेश में 2 जून 2025 से अमरकंटक से शुरू होकर 6 जुलाई 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश में भ्रमण करेगी। साथ ही देवास जिले में के डी वी मिशन यात्रा में पंथश्री उदितमुनिनाम साहेब का आगमन 14 जून व 15 जून 2025 को प्रस्तावित है। जिसमें दिनांक 14 जून 2025 को सुबह 10 बजे पंथश्री का आष्टा से देवास शहर में आगमन होगा। स्थानीय भोपाल चौराहे से गीता भवन तक शोभायात्रा दोपहर निकलेंगी तथा 12 बजे से पंथश्री उदितमुनिनाम साहेब के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सत्संग सभा का आयोजन के साथ पंथश्री के आशीर्वचन युवा सभा आमीन माता महिला मंडल सभा होगी।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# रामघाट पर पूजन अर्चन के बाद शुरू हुई 2 दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा

## ढोल धमाके, बैंड बाजे के साथ निकली परिक्रमा यात्रा, काफी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

उज्जैन। बुधवार को रामघाट से दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की शुरुआत की हुई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का समापन आज गुरुवार की शाम को होगा।

बुधवार को दत्त अखाड़ा घाट पर क्षिप्रा के पूजन, ध्वजा लहरा कर सभी अखाड़ों के साधु-संतों, किन्नर अखाड़े, पंडे-पुजारियों, पुरोहितों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सामाजिक संगठनों के साथ मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया। आज 5 जून गंगा दशमी पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव क्षिप्रा को चुनरी अर्पित कर इस यात्रा का समापन करेंगे। इस अवसर पर कलावती यादव, नारायण यादव, वैभव यादव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। यात्रा को लेकर महिलाओं में उत्साह था।



शिप्रा के तट भगवा ध्वज से सराबोर नजर आ रहे थे। यात्रा राम घाट एवं दत्त अखाड़ा घाट से शुरू होकर नृसिंह घाट, आनंदेश्वर मंदिर, जगदीश मंदिर, गऊघाट, जंतर-मंतर, वरुणेश्वर महादेव, त्रिवेणी शनि मंदिर, गोठडा, सिकंदरी, दाउदखेड़ी, चिंतामण, मंगरोला फंटा, लालपुल, भूखी माता मंदिर और फिर दत्त अखाड़ा तक पहुंची, जहां रात्रि विश्राम होगा। आज 5 जून को यात्रा रणजीत हनुमान, कालभैरव, अंगारेश्वर महादेव, कमेड, मंगलनाथ, सांदीपनि आश्रम, गढ़कालिका, भर्तृहरि गुफा, ऋणमुक्तेश्वर, वाल्मीकि धाम होते हुए वापस रामघाट पहुंचेगी। बुधवार शाम 7 बजे दत्त अखाड़ा घाट पर पवन तिवारी और उनके दल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। वही आज गुरुवार शाम 7 बजे रामघाट पर 100 कालाकार मिलिट्री बैंड की प्रस्तुति देंगे। जिसके बाद मुंबई की स्वस्ति मेहुल और उनका दल सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। 16 जून तक हर शाम 6 बजे रामघाट पर ढोली बुआ, श्री हरिकथा और नारद कीर्तन का आयोजन होगा।

माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की परिकल्पना अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा पर्व पर रामघाट पर क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल के द्वारा ध्वज फहराकर क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विगत 18 वर्षों से क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यात्रा के पीछे उद्देश्य क्षिप्रा नदी के जल को प्रदूषण से मुक्त करने, इसका जल सदा प्रवाहमान करने, साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने और हमारे जल स्रोतों का संरक्षण करने के लिए जागरुकता संदेश भी देना है।

# ऊर्जा उपचार शिविरजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा

उज्जैन। रूपांतरण सामाजिक एवं जन कल्याण संस्था द्वारा आज 5 जून पर्यावरण दिवस से चार दिवसीय ऊर्जा उपचार शिविर के रूप में आध्यात्मिक और वैलनेस के शिविर को पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। रूपांतरण सभागृह दशहरा मैदान पर लगने वाला यह शिविर लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा और उनके आंतरिक पर्यावरण को शुद्ध करेगा।



संस्था प्रमुख राजीव पाहवा ने बताया कि रूपांतरण सामाजिक एवं जन कल्याण संस्था विगत 20 वर्षों से उज्जैन में आध्यात्मिक ऊर्जा के माध्यम से वैलनेस के लिए कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य सर्वे भवन्तु सुखिनः अर्थात् सबके शुभ के लिए आध्यात्मिक मार्ग से कार्य करना है। संस्था भारत की पुरातन सनातन संस्कृति के आधार पर हवन, स्पर्श चिकित्सा, ऊर्जा उपचार, मंत्र उपचार, योग, ध्यान आदि विषयों को सम्मिलित करके वैलनेस के लिए कार्य करती है। रूपांतरण सामाजिक एवं जन कल्याण संस्था संस्था सदस्य ने ऊर्जा उपचार विषय पर पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय से अपनी पीएचडी पूर्ण की। वहीं संस्था द्वारा हाल ही में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग शत प्रतिशत लोगों के अनुभव सकारात्मक और शुभ रहे हैं। लोगों ने बताया कि उन्हें वैलनेस का अनुभव हुआ और उनके जीवन में उपचार के उपरांत ऐसा लगा कि उनके जीवन में कुछ शुभ घटित हुआ है।

रुचिका चौधरी ने कहा, ऊर्जा उपचार एक प्राचीन भारतीय तकनीक है जो हमें सुख और शांति की अनुभूति दिला सकती है। मुझे लगता है कि ऊर्जा उपचार एक ऐसा तरीका है जो हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकता है।

रिटायर्ड प्रोफेसर जागृति शर्मा ने बताया कि ऊर्जा उपचार से उन्हें बहुत शांति और सुख की अनुभूति प्राप्त हुई। उन्होंने कहा, ऊर्जा उपचार ने मेरे बाए कंधे के दर्द में बहुत आराम दिया। मुझे लगता है कि ऊर्जा उपचार एक ऐसा तरीका है जो हमें अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

### व्हाय एस ठाकुर अपर संचालक नियुक्त कर्मचारी संघ ने अभिनंदन किया

उज्जैन। इंजीनियरिंग कॉलेज गेसु मैं पदस्थ वरिष्ठ प्राध्यापक एवं संयुक्त मोर्चा जिला उज्जैन के उपाध्यक्ष श्री व्हाय एस ठाकुर पदोन्नत होकर तकनीकी संचानालय भोपाल में अपर संचालक के पद पर नियुक्त किया गया है। संचालक नियुक्त होने पर संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष मोकम सिंह पटेल के नेतृत्व में कर्मचारी साथियों ने व्हाय एस ठाकुर का स्वागत अभिनंदन किया। ठाकुर वर्तमान में इंजीनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक ब्रांच के प्रभारी के रूप में कार्यरत होकर शिक्षण कार्य कर रहे थे। विभाग द्वारा उनके कार्यों का आकलन करते हुए संचानालय में उनकी सेवाएं ली गई। इस अवसर पर मोतीलाल निर्मल संरक्षक तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, शेख मोहम्मद हनीफ जिला अध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ, हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ आदि।

# विद्यार्थियों के भावनात्मक विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका- प्रशांत दिवेकर



उज्जैन। लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा शिक्षकों के शैक्षिक विकास और उत्थान के लिए चार दिवसीय शिक्षक अभ्यास वर्ग का शुभारंभ राजा भाऊ महाकाल सभागृह में किया गया।

इस अवसर पर शिक्षण समिति के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमण, कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव एवं ज्ञान प्रबोधिनी संस्थान, पुणे के शिक्षाविदों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। उद्घाटन सत्र के प्रारंभ में ज्ञान प्रबोधिनी शिक्षण संस्थान पुणे के डॉ प्रशांत दिवेकर ने शिक्षण संस्थान के उद्देश्य और सामाजिक कार्यों से परिचित कराया। इसके पश्चात लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञान प्रबोधिनी के प्रशिक्षकों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के शिक्षकों के छत्रपति शिवाजी के समूह में प्रथम सत्र में डॉ प्रशांत दिवेकर ने शिक्षक के स्वयं मूल्यांकन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कक्षा डिजाइनिंग पर अपना उद्बोधन दिया। द्वितीय सत्र में डॉ. आदित्य शिंदे ने एक आदर्श शिक्षक के व्यक्तित्व का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षक के व्यवहार में समर्थ आना चाहिए। उन्होंने विद्यालय में संपन्न ऐसी गतिविधियों के विषय में बताया जिसमें शिक्षक की शारीरिक क्षमता लगी हो। तृतीय सत्र में प्राध्यापक आदित्य शिंदे ने शिक्षकों में कौशल विकास के अंतर्गत विभिन्न कौशलों का उल्लेख किया। श्री दिवेकर ने कहा कि शिक्षक अपनी भावनात्मक क्षमता का उपयोग कर विद्यार्थियों के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। इसी प्रकार प्राथमिक शिक्षकों के देवी अहिल्या बाई समूह में अनाया निसाल तथा दीपक गुप्ते द्वारा प्रथम सत्र में शिक्षकों को स्वयं से संवाद स्थापित करने के लिए बताया गया। पहले स्वयं स्वीकार करें कि हम एक शिक्षक हैं। विद्यालय आने से पूर्व हमारे मस्तिष्क में घर के बटन को स्विच ऑफ करना होगा। अगर स्ट्रेस है तो उसे दूर करने के लिए कोई एक ऐसा साथी बनाएं जिससे अपने मन की हर बात कह सके ताकि समय आने पर आप भी छात्रों के लिए एक ऐसा साथी बन सके जिससे छात्र अपने मन की बात साझा कर सके।

# अनादि कुंभ नगरी उज्जयिनी को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने की आवश्यकता

## असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों से परेशान है धर्मालुजन एवं धर्मप्रेमी जनता

उज्जैन। इंदौर को भिक्षुक मुक्त बनाने में अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम उज्जैन की महत्वपूर्ण भूमिका है, इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा सेवाधाम आश्रम में अप्रैल 2024 से वर्तमान समय तक 595 भिक्षुक भेजे गए इन भिक्षुओं में अनेक प्रकार के व्यसन थे बीड़ी सिगरेट तंबाकू शराब मांस के साथ ही चरस गांजा भांग अफीम आदि की भी उनकी आदतें थी अत्यंत गंदगी में सने हुए और ऐसे ही वातावरण में जिनके पास में कई लोगों के पास में बैठना भी मुश्किल होता था ऐसे लोगों को सेवाधाम ने अपनाया जिनके बड़े-बड़े बाल बड़े-बड़े नाखून थे आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने कहा कि मैंने स्वयं ने अनेको के केश कर्तन के साथ स्नान, नवीन वस्त्र पहनाए एवं उन्हें अपना बनाया हमने किसी से भी किसी प्रकार की घृणा नहीं की क्योंकि हम विगत 36 वर्षों से ही ऐसे ही बेघर, बेसहारा लोगो को अपना रहे है लेकिन इंदौर के भिक्षा मुक्त अभियान में सेवाधाम की महत्वपूर्ण भूमिका है।



वर्तमान में 100 से अधिक भिक्षुक आश्रम में निवास कर रहे हैं शेष को उनके परिजनों को इंदौर कलेक्टर द्वारा निर्धारित शपथ पत्र और मापदंडों पर सोपा गया। आश्रम द्वारा इन भिक्षुओं को जीवन में आमूल परिवर्तन हुआ अनेक भिक्षुक आश्रम से जाते समय भाव विभोर हो गए यहां तक की कई सुधीर भाई गोयल जी से गले लगा कर रोने भी लगे आश्रम में उनके चाय नाश्ता दोनों समय स्वादिष्ट भोजन और अन्य प्रकार की सभी सुविधाएं दी गई जो कई महिनों से नहाए नही थे आज वह आम मनुष्य की भांति रोज स्नान करते हुए भगवान के भजन गाते है। अनेक लगवाग्रस्त एवं शारीरिक परेशानियों को आश्रम के वृहद फिजियोथैरेपी सेंटर में नियमित डाक्टरों के मार्गदर्शन में एक्सरसाईज कर अपने पैरों से चलने लगे है।

आज इन्दौर ने भिक्षुक मुक्त अभियान अंतर्गत अपनी एक अलग पहचान बनाई है इसका संपूर्ण श्रेय इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य जनता को जाता है जिनकी इच्छा शक्ति और महति भूमिका के कारण इन्दौर भिक्षावृत्ति मुक्त हो रहा है। इस कार्य में सेवाधाम ने भी अपनी विशेष भूमिका का निर्वाह किया। उज्जैन में भी निरन्तर भिक्षावृत्ति बढ़ रही है और भिक्षावृत्ति की आड में असामाजिक तत्व सक्रिय हुए है, यहां भी इस प्रकार के अभियान की सख्त आवश्यकता है ताकि भविष्य में आने वाले श्रद्धालुओं को कोपभाजन ना होना पड़े। इन्दौर भिक्षुक मुक्त बन भारत में पहला जिला बने यह एक अभिनव उनका जो प्रयास था उसे पूर्ण समर्थन इन्दौर की जनता ने दिया और अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम उज्जैन द्वारा निरन्तर दिया भिक्षुओं को आश्रम स्वीकार कर रहा है। अनेक भिक्षुक पढ़े लिखे समझदार ग्रेजुएट पोस्ट ग्रेजुएट लखपति और काफी साधन संपन्न धानाठ्य परिवारों के भी आए यहां की कई की जमीन जायदाद संपत्ति मकान अच्छे पढ़े लिखे बच्चे और यहां पर सरकारी नौकरी में है।

# अजाक्स संगठन उज्जैन से भोपाल के लिए 8 जून को होंगे रवाना

उज्जैन। अजाक्स संगठन की प्रान्तीय बैठक 8 जून को भोपाल में आयोजित होगी। बैठक में शामिल होने के लिए उज्जैन से भी बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उज्जैन से भोपाल रवाना होंगे जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। सम्भाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष माननीय जे एन कंसोटिया साहब प्रांतीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश अजाक्स के नेतृत्व आमसभा की बैठक अजाक्स के एजेंडे को लेकर भोपाल हिंदी भवन में सुबह 10.30 बजे अयोजित होगी।

बैठक में शामिल होने के लिए सभी जिला के अध्यक्ष एवं संभाग पदाधिकरी अपने-अपने तहसील ब्लाक जिला एवं संभाग की कार्यकारिणी को लेकर आम सभा में भोपाल उपस्थित होंगे। इस मौके जिला अध्यक्ष डॉ आर एल परमार, आर सी भगोरा, चंद्र शेखर, लश्करी रतलाम, बाबूलाल आर्य यशवंत, गोयल महेश, जांगडे नीमच, प्रहलाद सूर्यवंशी, जेपी अहिरवार मंदसौर, सिद्धनाथ पटवारी एन एस भाटी, करण सिंह डाबी, कैलाश सूर्यवंशी, आगर बी एल गुहाटिया आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com